आकाशवाणी केन्द्र शिमला

11.08.2025 / प्रादेशिक समाचार / 11:00बजे

प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली में सांसदों के लिए एक सौ 84 नवनिर्मित टाइप–7 बहुमंजिला फ्लैटों का उद्घाटन किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री आवासीय परिसर में सिंदूर का पौधा भी लगाया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि अब तक 3 सौ 50 से ज्यादा सांसद आवास का निर्माण कर दिया गया है, जिससे निजी भवनों में दिए जा रहे आवास किराए की करीब एक हजार 500 करोड़ रूपए की बचत हुई है।

इस अवसर इस अवसर पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला सहित कई अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू आज शिमला के अटल इंस्टीच्यूट ऑफ मेडिकल सुपर स्पेशियलिटी चमियाणा में रोबोटिक सर्जरी यूनिट का उद्घाटन करेंगे। अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सा अधीक्षक डा. सुधीर शर्मा ने बताया कि अस्पताल में आज रोबोटिक सर्जरी का उद्घाटन और ऑपरेशन होंगे। इसमें किडनी ट्यूमर और प्रोस्टेट सर्जरी की जाएगी।

हिमाचल में पहली बार आज से शिमला के अटल इंस्टीच्यूट ऑफ मेडिकल सुपर स्पेशियलिटी चमियाणा में रोबोटिक सर्जरी की शुरूआत होगी। यह पहली बार होगा, जब राज्य के किसी सरकारी अस्पताल में इस आधुनिक तकनीक की मदद से तीन मरीजों के ऑपरेशन किए जाएंगे। इसमें किडनी ट्यूमर और प्रोस्टेट सर्जरी के मरीज शामिल हैं। इस अवसर पर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डाक्टर कर्नल धनी राम शांडिल, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह उपस्थित रहेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री मंडे मीटिंग भी करेंगे। इस दौरान वे विभागीय अधिकारियों से समीक्षा करने के अलावा मानसून की वर्षा के कारण आपदा परिस्थितियों की जानकारी लेंगे।

कृषि मंत्री– फसल बीमा

कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान आज राजस्थान के झुंझुनू में 30 लाख से अधिक किसानों को 3 हजार 200 करोड़ रुपये से अधिक के फसल बीमा दावों का वितरण करेंगे। कृषि एवं किसान कल्याण

मंत्रालय ने बताया कि इन दावों का भुगतान प्रत्यक्ष लाभ अंतरण – डीबीटी के जरिए किसानों के बैंक खातों में डिजिटल रूप से किया जाएगा। इस कार्यक्रम में झुंझुनू सहित विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में किसान शामिल होंगे, जबकि देशभर के विभिन्न राज्यों के लाखों किसान वर्चुअल माध्यम से समारोह से जुड़ेंगे।

संयंत्र

राज्य सरकार नाहन, नालागढ़, मोहाल और रोहडू में नए दूध प्रसंस्करण संयंत्र स्थापित करने जा रही है। इसके अलावा हमीरपुर ज़िले के जलाड़ी में दूध शीतलन केन्द्र और ऊना ज़िले के झलेड़ा में बल्क मिल्क कूलर स्थापित करने को मंजूरी दी गई है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बताया कि नए संयंत्रों के स्थापित होने से दूध खरीद में वृद्धि होगी और पशुपालकों को दूध के उचित दाम मिलेंगे। इसके साथ ही दूध खरीद के गुणवत्ता मानकों में भी वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के इस कदम से सरकार की आय में वृद्धि सहित ग्रामीण अर्थव्यवस्था का सुदृढ़ीकरण भी सुनिश्चित होगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि सरकार के प्रयासों से मिल्कफैड द्वारा दूध खरीद रिकार्ड स्तर पर पहुंच चुका है और दूध एकत्रिकरण की गुणवत्ता में भी सुधार हुआ है।

हर घर तिरंगा

भाजपा ने प्रदेश भर में हर घर तिरंगा अभियान शुरू किया है जिसके तहत 15 अगस्त तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसी के तहत कल प्रदेशभर में भाजपा संगठनात्मक एक सौ 71 मंडलों पर तिरंगा यात्राओं का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में शहीदी समारोह पर स्वच्छता अभियान के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इसी तरह 14 अगस्त को विभाजन भविष्य का समृद्धि दिवस आयोजित होगा जबकि 15 अगस्त को हर घर तिरंगा अभियान के तहत सभी भाजपा पार्टी कार्यालयों व सार्वजनिक स्थानों पर सामूहिक रूप से तिरंगा फहरया जाएगा।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में मॉनसून की वर्षा का क्रम रूक–रूककर जारी है। पिछले दिनों हुई व्यापक वर्षा के बाद राज्य के कुछ क्षेत्रों में अभी भी जनजीवन सामान्य नहीं हो पाया है। शिमला के दोची के पास ट्राला पलटने से हाटकोटी–शिमला सड़क मार्ग सभी तरह के वाहनों के लिए फिलहाल बंद है। भारी बारिश व भूस्खलन से प्रदेश में एक राष्ट्रीय उच्च मार्ग सहित 3 सौ 33 सड़कें अभी भी अवरूद्ध हैं जबकि 4 सौ 79 पेयजल योजनाएं ठप पड़ी हैं। राज्य में वर्षा जनित घटनाओं में अब तक 224 लोगों की मृत्यु हो चुकी है जबकि 36 अभी लापता हैं।

मौसम विभाग ने आज से 14 अगस्त तक प्रदेश के कई स्थानों पर भारी से बहुत भारी वर्षा की चेतावनी जारी की है। विभाग ने आज चंबा, कांगड़ा और मंडी जिलों में कुछ भागों पर भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जबकि ऊना, बिलासपुर, हमीरपुर और सोलन में भारी वर्षा का यलो अलर्ट जारी किया है।